राज्यपाल सचिवालय, बिहार
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने कराटे की बालिका खिलाड़ी कुमारी आध्या को बधाई दी

पटना, 08 जनवरी 2018

महामहिम राज्यपाल श्री सत्य पाल मलिक ने बोरिंग रोड, पटना की रहनेवाली 5 वर्षीया बच्ची कुमारी आध्या, जो कराटे की कई अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में बिहार का नाम रोशन कर चुकी है, को राजभवन में मुलाकात के दौरान स्मृति चिह्न प्रदान किया।

कुमारी आध्या अपनी माँ श्रीमती सुप्रिया प्रतीक और पिता श्री अनूप कुमार के साथ राज्यपाल श्री मलिक से मिलने राजभवन आई थी। उसने बताया कि दिसम्बर, 2017 में मलेशिया में आयोजित चौथी अन्तर्राष्ट्रीय के॰एल॰मेयर्स कप कराटे चैम्पियनशिप में अंडर–7 की 'काता स्पर्धा' में ईरान की खिलाड़ी को हराकर कांस्य पदक तथा झापा (नेपाल) में आयोजित तीसरी अन्तर्राष्ट्रीय टी॰एस॰ राय कप अंडर–8 'काता–स्पर्धा' में स्वर्णपदक प्राप्त करने में सफलता हासिल की है। उसके माता–पिता ने बताया कि विभिन्न प्रतियोगिताओं में उसे अबतक 5 स्वर्ण पदक, 3 रजत पदक और 3 कांस्य पदक प्राप्त हो चुके हैं।

मुलाकात के दौरान राज्यपाल ने इस बालिका–खिलाड़ी का मनोबल बढ़ाते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

....